Phone No. :- 05644-228114

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–264 / 531-34

दिनांक 12.06.25

मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड,
खनन पट्टा संख्या 09 / 2021
निकट ग्राम टेसकी
तहसील सीकरी जिला डीग

**विषय** : दिनाँक 11.06.2025 को आयोजित होने वाली पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के स्थगन बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड, खनन पट्टा संख्या 09 / 2021 निकट ग्राम टेसकी तहसील सीकरी जिला डीग के क्लस्टर में सम्मिलित खनन पट्टा संख्या 11 / 2021 (प्रस्तावित), खनन पट्टा संख्या 09 / 2021 (प्रस्तावित) एवं खनन पट्टा संख्या 10 / 2021 (विद्यमान) खनन पट्टा क्षेत्र क्रमशः 2.0897 हैक्टेयर, 3.1489 हैक्टेयर एवं 3.1489 हैक्टेयर (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3875 हैक्टेयर) में प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,50,170 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 11 / 2021), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 7,45,762 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 09 / 2021) एवं विद्यमान उत्पादन क्षमता 7,27,544 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 10 / 2021), चिनाई पत्थर क्लस्टर परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 11.06.2025 (बुधवार) को दोपहर 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत टेसकी, तहसील सीकरी जिला डीग** में जन सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त जन सुनवाई अध्यक्ष अतिरिक्त जिला कलक्टर, डीग के अपरिहार्य कार्यों में व्यस्त रहने के कारण अनुपस्थित होने की वजह से यह जन सुनवाई अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गयी थी।

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनाँक 14.09.2006 के अनुसार ज़न सुनवाई स्थगन हेतु इस आशय की सूचना नोटिस दिया जाना आवश्यक है। अतः संलग्न प्रारूप में जन सुनवाई स्थगन हेतु **"आम सूचना"** एक मुख्य दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक क्षेत्रीय भाषा के दैनिक समाचार पत्र में आगामी दिनाँक 13.06.2025 को प्रकाशित कराया जाना जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म., भरतपुर

**प्रतिलिपि :–** निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1 कार्यालय जिला कलक्टर, डीग।
2 ग्रुप इन्चार्ज (माइन्स) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर।
3 ए.सी.पी., राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन हैं कि इसे वेब साईट पर दर्शाने का श्रम करवायें।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं., भरतपुर

**क्षेत्रीय कार्यालय**

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**

**जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे**

**श्यामा प्रसाद मुखजी नगर, भरतपुर (राज)**


दिनांक :– 12.06.25

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–264 / 531-34

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई स्थगन के लिए आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स ठेकरी माइन्स प्राइवेट लिमिटेड, खनन पट्टा संख्या 09/2021 निकट ग्राम टेसकी तहसील सीकरी जिला डीग के क्लस्टर में सम्मिलित खनन पट्टा संख्या 11/2021 (प्रस्तावित), खनन पट्टा संख्या 09/2021 (प्रस्तावित) एवं खनन पट्टा संख्या 10/2021 (विद्यमान) खनन पट्टा क्षेत्र क्रमशः 2.0897 हैक्टेयर, 3.1489 हैक्टेयर एवं 3.1489 हैक्टेयर (कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3875 हैक्टेयर) में प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 4,50,170 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 11/2021), प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 7,45,762 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 09/2021) एवं विद्यमान उत्पादन क्षमता 7,27,544 टन प्रति वर्ष (ROM) (खनन पट्टा संख्या 10/2021), चिनाई पत्थर क्लस्टर परियोजना के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 11.06.2025 (बुधवार) को दोपहर 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत टेसकी, तहसील सीकरी जिला डीग** में जन सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त जन सुनवाई अध्यक्ष अतिरिक्त जिला कलक्टर, डीग के अपरिहार्य कार्यों में व्यस्त रहने के कारण अनुपस्थित होने की वजह से यह जनसुनवाई अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गयी थी।

चूँकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 (ई) दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधनों के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई स्थगन हेतु इस आशय की सूचना दी जानी अनिवार्य है।

क्षेत्रीय अधिकारी

रा.प्र.नि.मं. भरतपुर